Title-Code:- HARBIL01906

आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की मासिक पत्रिका

अनुपमा यात्रा

ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA

SINCE 1970

आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, लेकिन अपनी आदतें बदल सकते हैं और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी।
–एपीजे अब्दुल कलाम

वर्षः 01/ संस्करणः 12/ पृष्ठः 08/ मूल्यः 5 रूपये | भिवानी, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023 | anupama.express@ammb.ac.in

पुस्तक मेले में पुस्तकों से रूबरू हुई प्राध्यापिकाएं व छात्राएं

आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी में पुस्तकालय विभाग द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य प्राध्यापिकाओं को विभिन्न विषयों से संबंधित नई-नई पुस्तकों से रुबरु करवाना रहा। मेले में विभिन्न प्रकाशन के प्रकाशकों ने पुस्तको की प्रदर्शन लगाई। जिसमे मेरठ से प्रगति प्रकाशन, जयपुर से गौतम बुक कम्पनी, खुश प्रकाशन, रिद्धी-सिद्धी प्रकाशन, दिल्ली से एस.चंद प्रकाशन, आगरा से करंट पब्लिकेशन प्रकाशन रहे। उन्होंने विज्ञान, भौतिकी, रसायन, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, कला, संगीत, वाणी, राजकमल, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित ज्ञानवर्धक पुस्तके, मुंशी प्रेमचन्द व हरिवंशराय बच्चन के प्रसिद्ध उपन्यास आचार्या, चतुरसेन, वाणिज्य विषयों

से संबंधित पुस्तके व अनेको अनेक ज्ञानवर्धक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग के साथ-साथ छात्राओं ने भी बड़ी रुचि से पुस्तको का अवलोकन किया। पुस्तक मेले का आयोजन प्राचार्या ड़ॉ अलका मित्तल के दिशानिर्देशन में पुस्तकालय स्टॉफ सोनिया गर्ग और हन्नी कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापिका वर्ग ने छात्राओं के लिए विषयों से संबंधित व अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तके भी पुस्तकालय मे रखने की सिफारिश की। पुस्तकालय प्रदर्शनी का उद्घाटन उप-प्राचार्या नीलम गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्राध्यापिका वर्ग द्वारा बताई गई पुस्तकों को जल्द ही पुस्तकालय में उपलब्ध करवाया जाएगा। जिससे छात्राओं को विषयो से संबंधित उचित ज्ञान प्राप्त हो सके।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रा चंचल ने प्राप्त किया प्रथम रैंक

आदर्श महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में छात्राओं से 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए जो कि करंट अफेयर, राजनीति, अर्थशास्त्र, भौगोलिक, इतिहास, विज्ञान, और धर्म पर आधारित थे। जिसके लिए महाविद्यालय में कक्षाएं आयोजित कर छात्राओं को विषय वस्तु, समय प्रबंधन और अनुशासन की विस्तृत जानकारी दी गई। परीक्षा में प्रथम 14 रैंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय में महासचिव अशोक बुवानीवाला व प्राचार्या ड़ॉ. अलका मित्तल के द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। गौरतलब है, परीक्षा का आयोजन 30 सितंबर को किया गया था। जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की 830 छात्राओं ने पजींकरण करवाया। जिसके सफल संचालन में प्रबंधकारिणी समिति के दिशानिर्देशन में प्राचार्या ड़ॉ. अलका मित्तल व कोऑर्डिनेटर नीरु चावला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रथम 50 रैंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि आप सभी छात्राऐं महाविद्यालय के चमकते तारे हैं। आपको अपना अधिक से अधिक समय

पुस्तकालय में बिताना चाहिए। उन्होनें छात्राओं को रोज समाचार पत्र पढ़ने की सलाह दी। किताबों को दोस्त बनाने के लिए कहा और प्रोत्साहित किया कि वह नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। छात्राओं ने बताया कि वह आईपीएस, आईएएस, पुलिस ऑफिसर, आर्मी ऑफिसर, प्राध्यापिका, एसएससी सीजीएल की तैयारी करना चाहती है। जिसके लिए महासचिव ने करियर गाईड़ेसं एण्ड प्लेसमेंट सैल की कॉर्डिनेटर नीरु चावला को पूर्ण रुपरेखा बनाने के लिए कहा ताकि शीध्र ही छात्राओं की तैयारी प्रारंभ की जा सके। उन्होनें ऐतिहासिक स्थल, औधौगिक क्षेत्र व प्रगति मैदान में लगने वाले अन्तराष्ट्रीय मेले में छात्राओं को भ्रमण करवाने के निर्देश भी दिए। महाविद्यालय

प्रथम 14 रैंक प्राप्त करने वाली छात्राएं

चंचल, सुषमा, शर्मिला, दीक्षा, मुस्कान, प्रीति, श्वेता, नाज़यिा, कोमल, महक, स्नेहा, तमन्या, प्रिया, व रेनू रही।

प्राचार्या ड़ॉ. अलका मित्तल ने छात्राओं को पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन अनमोल है। यह समय व्यर्थ न गंवाकर हमें अपने जीवन लक्ष्यों को अवश्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज की गला काट प्रतियोगिता में हमारा पूरा ध्यान केवल अपने लक्ष्यों पर ही रहना चाहिए।उन्होनें प्रथम 14 रैंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। कॉर्डिनेटर नीरू चावला ने परीक्षा के सफल आयोजन पर अपनी पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित किए गए कम्प्यूटर प्रश्नावली प्रतियोगिता 'टैक इन्टलेक्ट' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम पूनम, द्वितीय खुशी शर्मा, तृतीय आंचल व सांत्वना पुरस्कार नंदिनी को दिया गया। कार्यक्रम में ममता वधवा, डॉ दीपू सैनी, डॉ गायत्री बंसल, हिमांशी जैन, शीतल केड़िया वैशाली और डॉ प्रीति शर्मा उपस्थित रही।

महाविद्यालय की तीन खिलाड़ियों का हुआ विश्वविद्यालय टीम में चयन

अंतर महाविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप में छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की तीन खिलाड़ियों शीतल ,सोलन,कशिश का विश्वविद्यालय टीम में चयन होने पर प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने छात्राओं को बधाई दी।

संत साहित्य की प्रासंगिकता ग्रंथ में संतों द्वारा दिए गए उपदेशों का सार

संतो के उपदेशों पर आधारित पुस्तक 'संत साहित्य की प्रासंगिकता' मे संतो के संदेश वर्णित है जो धार्मिक और सामाजिक चेतना से अनुप्राणित हैं। साम्प्रदायिकता सहिष्णुता व भाईचारे की भावना से ओत प्रोत संतो के संदेश का यह ग्रंथ समूचे समाज का पथ प्रदर्शन कर रहा है।

डॉ राकेश कुमार उपाध्याय ने 'दादू वाणी में समाया समस्त उपनिषदों का सार' लेख के द्वारा बताया कि इस संसार मे मिथ्याभाषी व अज्ञानी गुरु बहुत है जो आकर भ्रम पैदा कर रहे है जो साधकों को मूढ़ आग्रहों मे फँसा देते है, किंतु दादू तो उस गुरुमत को जानता है जो सच्चा सद्गुरू है जिसने हताश-निराश जनता के मन मे राम-नाम का दीपक जलाया और उन्हे आध्यात्मिक मार्ग पर भ्रमित न होने का संदेश दिया इस कड़ी मे प्रो. संजीव कुमार, प्रो. किशनाराम बिश्नोई, प्रो. कृष्ण कुमार कौशिक ने संतो द्वारा दिए गए सात्विक ज्ञान को अपने लेख के माध्यम से बताया कि जब तक मनुष्य के अन्दर अहंकार रूपी मनोविकार रहेंगे तब तक परमात्मा से अद्वैत स्थापित नहीं हो सकता। पुस्तक में भक्तिकाल से सम्बधित संतों द्वारा दिए गए ज्ञान को भी उल्लेखित किया गया है और बताया कि संत साहित्य से तात्पर्य उस साहित्य से है, जो निर्गुण भक्त कवियों द्वारा रचा गया है। पुस्तक में संत समाज से कबीर, नानक, दादू दयाल, सुन्दर दास, मलूक दास, पीपा रज्जब, धर्मदास, आण्डाल, सहजोबाई मल्लेश्वरी आदि संतों द्वारा दिए गए उपदेशों पर शोध लेख

प्रस्तुत किए गए है। डा. मधु मालती ने बताया कि भारत भूमि संतों की भूमि है और संतो के सिद्धांत सहानुभूति पर आधारित होते है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोए रखने मे संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने यह भी बताया कि संतो ने भारतीय जनमानस को उत्तम संस्कार प्रदान किए है। भारत देश के इतिहास में अनेक बार विस्तारवादी शक्तियों ने न केवल भौगोलिक और राजनैतिक आक्रमण किए वरन देश की सांस्कृतिक संरचना को भी विच्छिन्न करने का प्रयास किया। उन्होने यह भी कहा कि ऐसी परिस्थितियों में महान संतो ने ही देश की सुप्त चेतना को जागृत कर मानवता मूलक धर्म का संदेश दिया। अतः संतो के संदेश प्रत्येक देश काल मे संम्पूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक है।



डा. रमाकान्त ने बताया कि संतो द्वारा यह बताया गया है कि त्याग कि खिड़की से ही जीवन सत्य के आसमान को निहारा जा सकता है भौतिकता की अन्धी दौड़ मे शामिल व्यक्तित्वहीन व्यक्ति को यह बात समझना बहुत जरूरी है। उन्होने यह भी कहा कि धन पद प्रतिष्ठा की आकाशीय उपलब्धियो के लिए लालायित मनुष्य यदि धरती की सोंधी सुगन्ध लेता चला गया तो जीवन विसंगतियों के व्यूह में उलझकर प्राण हीन हो जाएगा। इस स्थिति से बचने के लिए संतो की शिक्षाओ के पुनर्पाठ की महती आवश्यकता है। ÷संतो की प्रासंगिकता÷ ग्रंथ मे इन सभी संदेशां का निचौड़ है। आदर्श महिला महाविद्यालय में संत साहित्य की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता विषय पर आयोजित अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी मे आए शोधार्थियों ने संतां द्वारा दिए गए उपदेशों पर शोध लेख प्रस्तुत किए। संज्ञान रहे शोध लेख संकलित पुस्तक 'संत साहित्य की प्रासंगिकता' का विमोचन 29 सितंबर को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल द्वारा किया। यह पुस्तक प्राचार्या आदर्श महिला महाविद्यालय की ओर से प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली से प्रकाशित की गई। पुस्तक का संपादन डॉ. मधुमालती और डॉ. रमाकांत शर्मा ने किया है।

प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'फ्रेग्रेन्सिज' का हुआ आगाज

आदर्श महिला महाविद्यालय में हरियाणवी संस्कृति के ओत-प्रोत प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'फ्रेग्रेन्सिज' आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की झलक विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम द्वारा प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डा.0 अलका मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महाविद्यालय स्तर पर आवश्यक आयोजित किए जाने चाहिए। इन प्रतियोगिताओ के माध्यम से युवा वर्ग अपने हुनर को पहचान कर उसे और अधिक निखारता है छात्राओ में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। उन्होने छात्राओं को पढ़ाई के साथ इस प्रकार के प्रतियोगिताओ मे भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होने यह भी कहा कि इस मंच के माध्यम से आगामी होने वाले यूथ फेस्टिवल के लिए छात्राओं का चयन भी हो जाता है। जिससे छात्राऐं राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा.0 अलका मित्तल ने की मंच सचालन निकिता, स्नेहा, काजल, महक व नेहा ने बड़े ही प्रभावी ढ़ग से किया मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता मे प्रथम हिमांशी, द्वितीय रजनी रही। नृत्य प्रतियोगिता मे प्रथम साक्षी, द्वितीय चिंकी, तृतीय सनिया व सांत्वना पुरस्कार मुस्कान को दिया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्वति, द्वितीय राधिका, तृतीय

खुशी रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम राधिका, द्वितीय मोनिका, तृतीय पलक रही बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता मे प्रथम ज्योति, द्वितीय कल्याणी, तृतीय दीपशिखा रही। थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता मे प्रथम मुस्कान, द्वितीय कशिश, तृतीय सक्षिता रही। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम कल्याणी, द्वितीय पायल, तृतीय पूनम रही। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता मे प्रथम सक्षिता, द्वितीय रितिका, तृतीय विनया रही। प्रतियोगिताओ मे निर्णायक मंड़ल की भूमिका रीना तनेजा, डा.0 इंदु शर्मा, डा.0 रेखा तवंर डा.0 कविता शर्मा, ने निभाई। प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डा.0 अलका मित्तल के दिशा निर्देशन मे संयोजिका डा.0 नूतन शर्मा व सहसंयोजिका ममता वधवा द्वारा किया गया। जिसमे महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग की भागीदारी रही।

International Girl Child Day: Empowering the Future

Introduction
Every year on October 11th, the world comes together to celebrate International Girl Child Day. This day serves as a reminder of the rights, challenges, and potential of girls around the globe. It's a day to reflect on the progress made in empowering girls and to recommit to the work that lies ahead in ensuring their well-being, education, and equal opportunities. In this article, we will explore the significance of International Girl Child Day and the initiatives aimed at empowering the future generations of young girls.
The Importance of Girl Child Day
International Girl Child Day highlights several important aspects:
Gender Equality: It emphasizes the importance of gender equality and ensuring that girls have the same rights and opportunities as boys.
Education: It stresses the need to provide girls with access to quality education, as education is a key factor in empowering them and breaking the cycle of poverty.
Health and Well-being: It calls attention to the healthcare needs of girls, including access to nutrition, healthcare services, and protection from early and forced marriage.
Elimination of Discrimination: The day promotes the idea that girls should not face discrimination and violence solely because of their gender.
Challenges Faced by Girls
International Girl Child Day also brings to light the various challenges that girls across the world continue to face:
Education Disparities: In many regions, girls are still denied equal educational opportunities, leading to limited access to information and economic independence.
Child Marriage: Child marriage remains a serious issue, with millions of girls married off before they reach adulthood, often resulting in negative physical and psychological consequences.

Gender-Based Violence: Gender-based violence, including domestic violence and human trafficking, disproportionately affects girls.
Lack of Access to Healthcare: Many girls lack access to essential healthcare, leading to issues like malnutrition, maternal mortality, and limited reproductive health knowledge.
Initiatives and Progress
Fortunately, numerous initiatives and organizations worldwide are working tirelessly to address these challenges:
Educational Initiatives: NGOs and governments are investing in programs to ensure girls have equal access to education, providing scholarships, building schools, and eliminating barriers to attendance.
Empowerment Programs: These programs focus on building the self-esteem and confidence of girls, teaching life skills, and encouraging leadership roles.
Legislation and Policy Changes: Governments are enacting laws and policies to protect girls from child marriage, gender-based violence, and discrimination.
Awareness Campaigns: Public awareness campaigns aim to change societal attitudes and norms regarding the treatment of girls.
The Way Forward
International Girl Child Day reminds us that empowering girls is not just a matter of social justice; it is essential for global development. When girls are educated, healthy, and given equal opportunities, they contribute to the growth of their communities and nations. By eliminating gender disparities, we are collectively building a more inclusive, prosperous, and equitable world.
On this day, let us recommit to the cause of the girl child, supporting and empowering them to reach their full potential, knowing that their success is not only a benefit to them but to the entire world. International Girl Child Day serves as a powerful call to action to ensure that every girl has the chance to thrive and shape a brighter future for all.

Ms. Lavisha Sharma
Assistant Professor In English

देवी माँ के नौ रूप

हमारा देश व्रत व त्योहारों का देश है। वैसे तो सभी व्रत और त्योहारों का अपना महत्व है। किंतु नवरात्रि में से विशेष रूप से स्त्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करती मां दुर्गा के नौ रूपों की विधिवत पूजा की जाती है, इसलिए यह पर्व विशेष हो जाता है, खास तौर पर स्त्रियां आदिकाल से ही सर्वशक्तिमान रही है, इसलिए पूजनीय भी रही है। हमारी संस्कृति शुरू से ही मात्रा सत्ता रही है, हमारे ज्ञान और विवेक की अधिष्ठात्री सरस्वती, शक्ति दुर्गा, ऐश्वर्या की अधिष्ठात्री लक्ष्मी मानी जाती है।स्त्री को इन तीनों रूपों में रखकर ,भारतीय मनीषियों ने पूरी संस्कृति को बांध दिया है।मां का हर रूप स्त्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।

1. नवरात्रि के पहले दिन दुर्गा के शैलपुत्री रूप की पूजा की जाती है। देवी के इस रूप को इन अर्थों में ले सकते हैं की बेटियों के इरादे अपने कर्तव्यों के प्रति चट्टान की तरह होते हैं, अतः उनका दृढ़ निश्चय रूप पूजनीय है।
2. दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा होती है। इसे हम इस रूप में भी देख सकते हैं स्त्री ब्रह्मा के बने हुए आचरण का निर्वहन करती है, इसलिए उसका संयमित,धैर्यवान व अनुशासित रूप पूजनीय है।
3. तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है ,जिसका शाब्दिक अर्थ है चांद की तरह चमकने वाली।अर्थात स्त्री का दिव्य रूप उसके आंतरिक गुना का प्रतिनिधित्व करता है,अतः उसकी भावनाओं गुना का सदा सम्मान करो।
4. चौथे दिन दुर्गा के कुष्मांडा रूप की पूजा की जाती है, इसका अर्थ हुआ कि पूरा जगत उनके पैरों तले हैं। अर्थात स्त्री के वश में पूरा संसार है, उसे कमजोर समझने की भूल न करो।
5. पांचवें दिन स्कंदमाता पूजी जाती है। इसका अर्थ है कार्तिक स्वामी की माता।अर्थात औरत का मातृ स्वरूप सदा पूजनीय है।
6. छठा रूप है कात्यायनी। यानी कात्यायन आश्रम में जन्म लेने वाली। इसका व्यावहारिक पहलू यह है कि बेटियां सर्वथा सम्माननीय है।
7. सातवां रूप कालरात्रि, जिसका अर्थ है-काल का नाश करने वाली। स्त्री अपने दृढ़ शक्ति से काल को भी मात दे सकती है।
8. आठवां रूप है महागौरी। अर्थात गौर वर्ण वाली मां । ये चरित्र की पवित्रता की प्रतीक है, जो सर्वथा पूजनीय है।
9. नौवां रूप है सिद्धिदात्री, जो सारी सिद्धियों का मूल सर्व सिद्धि देने वाली है। देवी पुराण कहता है भगवान शिव ने देवी के इस रूप से कई सिद्धियां प्राप्त की।अतः स्त्री को सम्मान देने वाले सभी सिद्धियों को प्राप्त कर सकते हैं।

देश भर में नौ दिनों तक नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा सिर्फ 5 दिनों के लिए होती है। पंचमी से लेकर विजयदशमी तक मनाया जाता है। देश के बाकी हिस्सों में नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा को मां के रूप में पूजा जाता है। यह ऐसा समय होता है जब देवी दुर्गा अपने भक्तों की परेशानियों को दूर कर उनकी मनोकामनाओं को पूरी करती है। लेकिन पश्चिम बंगाल में देवी को मां नहीं बल्कि बेटी के तौर पर पूजा जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार देवी दुर्गा कैलाश पर्वत जो उसका ससुराल है, 5 दिनों के लिए मायके आती है। इसी वजह से दुर्गा पूजा के दौरान पश्चिम बंगाल में उपवास नहीं बल्कि जमकर खाने खिलाने का दौरा चलता है।

इन पहलुओं से पता चलता है की नारी सदैव से ही सशक्त रही है तथा आगे भी अग्रिम स्थान पर ही रहेगी।

...कविता भारद्वाज

Falguni Nayar: Empowering Beauty and Business

Falguni Nayar, a trailblazing entrepreneur, is a name synonymous with the transformation of the Indian beauty and retail industry. Her journey is an inspirational tale of a woman who ventured into the business world at a later stage in life and revolutionized the way Indians shop for beauty products. Here, we delve into the life and achievements of Falguni Nayar.
Early Life and Education: Falguni Nayar was born on February 19, 1963, in Mumbai, India. She pursued her education at the Indian Institute of Management, Ahmedabad (IIMA), where she earned an MBA. She later completed her Chartered Accountancy. After her education, she worked in the corporate world for over two decades, gaining valuable experience.
The Birth of Nykaa: In 2012, at the age of 49, Falguni Nayar embarked on a new entrepreneurial journey by founding Nykaa, an e-commerce platform dedicated to beauty and cosmetics. Her vision was to provide a one-stop destination for all beauty and grooming needs. Nykaa started as an online platform, but it quickly gained popularity due to its wide product range, genuine customer reviews, and expert advice.

What set Nykaa apart was its focus on authenticity and quality. The platform ensured that customers had access to genuine beauty products from well-known brands, addressing concerns about counterfeit products in the market. This commitment to quality earned the trust of consumers, and Nykaa's success soared.
Innovations and Expansions: Under Falguni Nayar's leadership, Nykaa continued to evolve and innovate. The company expanded its offerings to include a wide array of beauty and wellness products, from skincare and haircare to fragrances and personal care items. In addition, Nykaa launched its private label products, which have gained popularity for their quality and affordability.

In 2020, Nykaa took a significant step by launching its initial public offering (IPO), marking a milestone for the company and the Indian e-commerce industry. The IPO's success solidified Nykaa's position as a leading player in the Indian market.
Inspiration for Women Entrepreneurs: Falguni Nayar's journey from the corporate world to entrepreneurship at a relatively later stage in life serves as an inspiration to many aspiring women entrepreneurs. She broke the traditional mold, proving that it's never too late to follow one's passion and make a significant impact on the business world. Her story also highlights the importance of quality, authenticity, and customer trust in building a successful brand.
Conclusion: Falguni Nayar's contribution to the beauty and retail industry in India is undeniable. Nykaa, under her leadership, has redefined the way Indian consumers shop for beauty and grooming products. Her vision, dedication, and commitment to quality have made Nykaa a household name and a role model for women entrepreneurs across the country. Falguni Nayar's story is a testament to the limitless possibilities of entrepreneurship and the power of following one's passion.

बचपन...



एक बचपन का जमाना था,
जिसमें खुशियों का खजाना था..
खबर न थी कुछ सुबह की,
ना शाम का ठिकाना था..
थक कर आना स्कूल से,
पर खेलने भी जाना था..
मां की कहानी थी,
परीयों का फसाना था..
बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था..
रोने की वजह न थी,
ना हंसने का बहाना था..
क्यों हो गए हम इतने बड़े,
इससे अच्छा तो बचपन का जमाना था ...

...नेहा

स्वतंत्रता के लिए प्राण अर्पण करने वाली रानी दुर्गावती

रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को महोबा में हुआ था। दुर्गावती के पिता महोवा के राजा था। महारानी दुर्गावती कालिंजर के राजा कीर्तिसिंह चंदेल की एकमात्र संतान थी। बांदा जिले के कालिंजर किले के दुर्गाष्टमी पर जन्म के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा। दुर्गावती के मायके और ससुराल पक्ष की जाति भिन्न थी लेकिन फिर भी दुर्गावती की प्रसिद्धि से प्रभावित होकर गोंडवाना साम्राज्य के राजा संग्राम शाह मंडावी ने अपने पुत्र दलपत शाह मडावी से विवाह करके उसे अपनी पुत्रवधू बनाया था। विवाह के 4 वर्ष बाद दलपत शाह का निधन हो गया। उस समय दुर्गावती की गोद में 3 वर्षीय नारायण था। अतः रानी ने स्वयं गढमंडला का शासन संभाल लिया। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। रानी दुर्गावती के सुखी व सम्पन्न राज्य पर मालवा के शासक ने कई बार हमला किया, पर हर बार वह पराजित हुआ। अकबर भी रानी को हराकर हरम में डालना चाहता था। उसने विवाद प्रारंभ करने हेतु रानी के प्रिय सफेद हाथी और उनके वजीर को भेट के रूप में अपने पास भेजने को कहा। रानी ने यह मांग ठुकरा दी। दलपति शाह की मृत्यु के बाद उनका पुत्र वीरनारायण गद्दी पर बैठा। रानी दुर्गावती उसकी संरक्षिका बनी। रानी ने अपने राज्य की सीमा बढ़ा ली तथा गोंडवाना राज्य शक्तिशाली व संपन्न राज्यों में गिना जाने लगा। इससे

दुर्गावती की ख्याति फैल गई।
रानी दुर्गावती वीरांगना के रूप में- रानी दुर्गावती ने अपने पहले ही युद्ध में भारत वर्ष में अपना नाम रोशन कर लिया था। शेरशाह की मौत के बाद सूरत खान ने उसका कार्यभार संभाला जो उस समय मालता गणराज्य पर शासन कर रहा था। सूरत खान के बाद उसके पृत्र बाज बहादुर ने कमान अपने हाथों में ले ली। सिंहासन पर बैठते ही एक महिला शासक को हराना आसान लग रहा था उसने रानी दुर्गावती पर हमला किया। बाजबहादुर से जीत के कारण पड़ोस के राज्यों में रानी का डंका बज गया था। अब रानी के राज्य को हर कोई पाना चाहता था। रानी को मुगल सेना से सामना भारी पडा। 24 जून 1564 को रानी ने अपने पुत्र को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जिससे रानी स्वयं युद्ध में घायल हो गई। रानी ने अंत समय निकट जानकर अपने वजीर से आग्रह किया कि वह तलवार से उसकी गर्दन काट दे लेकिन वह इसके लिए तैयार न हुआ। अतः रानी ने स्वयं अपनी कटार सीने में गोपकर आत्म बलिदान के पथ पर आगे बढ़ी। महारानी ने अकबर के सेनापति आसफ खान से लड़कर अपनी जान गंवाने से पहले 15 वर्षों तक शासन किया था।

चंदेलों की बेटी थी,
गोंड़वाने की रानी थी।
चंडी थी, रणचंडी थी,
वो तो दुर्गावती भवानी थी।

...किरण

Nurturing Mental Health: A path to Inner Beauty

In the hustle of our family daily lives, we often forget to prioritize the most important aspect of our sell being mental health just like tending to a delicate flower; our minds require care, attention, and nourishment to bloom into their most beautiful state. Every individual possesses a distinct mental landscape.

Some days the sky night be clouded with stress, while other days, it could be painted with joy and contentment. Just as we cherish the diversity of nature, we must embrace the diversity of our emotions and thoughts. Mental health is not an abstract concept, instead it's a dynamic state of well-being. It's about feeling vibrant, resilient and capable of navigating life's challenge with grace. Just as a well cared garden flourishes and attracts admiration, a healthy mind shines through in a person's confidence, resilience and beauty.



Mental health is essence of our inner beauty. By tending to our minds with care, self-awareness, support, mindfulness and kindness, we can nurture mental health and allow our unique beauty to reradiate.

Just as every flower in a garden contributes to its beauty, each of us play a vital role in creating a world where mental health is cherished and inner beauty truly shines.

...Aditi Kaushik

Hard Work for Getting Success

Challenges faced by every student now-a- days, there is a large number of students who are preparing themselves for government exam. In this criteria students are facing a very high competition. They have to accept every challenge and do hard work for getting success.

Those who does not get fed up from hard work and keep every step to his way of success, continually and confidently, then they definetly achive his goel.

Hard Work and Continuity is the key to key
Carrier and Confidence
Life needs a carrier
Carrier needs a confidence
Confidence needs an experience
Experience needs an effort
Effort needs an education
Education needs a teacher.

... Neha

जब मैं छोटी सी थी....

जब मैं छोटी सी थी मैं पतली और मेरी आंखें मोटी सी थी
मैं दिन भर सोया करती थी सच रात भर मै रोया करती थी
मेरी मां मुझ से? दुखी थी लेकिन फिर भी वो सुखी थी
यह उन दिनों की बात है जब मेरे अंदर खेलने कूदने की दुनिया बसा करती थी मैं मिट्टी
खाती थी तब भी मेरी मां
मुझ पर हंस करती थी
तब मेरे पापा मुझे खिलाने के लिए काम से जल्दी घर आ जाया करते थे
मेरे लिए तब थैला भरकर खिलौने का लाया करते थे
जब मैं छोटी सी थी मैं पतली और मेरी आंखें मोटी सी थी
उसे वक्त सब मुझे अपनी गोद में उठाकर अपने घर ले जाया करते थे गुड़िया, मुनिया, चीकू
,पीकू पता नहीं क्या-क्या बुलाया करते थे
चाऊमीन बर्गर को मैं जानती नहीं थी आदि कटोरा से ज्यादा मैं कुछ खाती नहीं थी
जब मैं छोटी सी थी मैं पतली और मेरी आंखें मोटी सी थी
कपड़ों के कपड़ों के शौक से में बाहर हुआ करती थी सबकी उसे वक्त में जानू ए करती थी
उस वक्त मेरे अंदर खेलने कूदने की दुनिया बसा करती थी
उस वक्त तो मैं डांट मारने पर भी हंसा करती थी
जब मैं छोटी सी थी मैं पतली और मेरी आंखें मोटी सी थी

....भारती

MEDITATION



Hindu mythology is full of examples where in normal human beings and sages meditated for years to gain higher spiritual powers. They have aligned their souls with almighty in their meditation.

Lord Buddha reached enlightenment at the age of 35, awakening to the true nature of reality, which is 'Nirvana', the absolute truth. Meaning of 'Nirvana' is 'to blow out' and refers to the extinguishing of the fire of greed, hatred and delusion.

Quietness can lead to more peace inside the mind.

Meditation leads to tranquility and purification from negative state of our mind.

Infact, Buddha religiously believes: "Meditation brings wisdom, lack of meditation leaves ignorance.

...PAYAL

Music is defined as a pleasant sound that combines several melodies to soothes our spirits. It is an art of compassing pleasant sound that is made using several musical instruments. A person who is well versed in playing music is called as a musician. It comparises of taals, sargam and ragas. Music is not just what people has created, you can even find it in the sound of nature. Thus, nature is one of the best examples of music, by being in the lap of nature in silence, will give you the most comforting and enjoyable musical experience,music activies and nourishes the right side of brain that is linked to creativity. It is a therapy for people who are sad, lonely and depressed. It is the soul of life. It has been scientifically praven that listening to the soft tunes of sitar, flute, piano etc can being tranquility and harmony with in our body. Music is an excellent stress buster. When you compose or listen to music, you had to forget all your worries, pains and tension. Several guided meditations have music as a primary compantert as it sinks deeply into our brain and harmonizes with the rhythms of our soul. Fast music can energize you and make your workouts interesting, listening to slow music can be the best cure for sleep problems.

...Suraj Kumari

सदैव प्रसन्न रहिये - जो प्राप्त है, पर्याप्त है

नगर में एक सेठ रहते थे। उनमें हर गुण था- नहीं था तो बस खुद को संयत में रख पाने का गुण। जरा-सी बात पर वे बिगड़ जाते थे। आसपास तक के लोग उनसे परेशान थे। खुद उनके घर वाले तक उनसे परेशान होकर बोलना छोड़ देते।

किंतु, यह सब कब तक चलता। वे पुनः उनसे बोलने लगते। इस प्रकार काफी समय बीत गया, लेकिन सेठ की आदत नहीं बदली। उनके स्वभाव में तनिक भी फर्क नहीं आया।



अंततः एक दिन उसके घरवाले एक साधु के पास गये और अपनी समस्या बताकर बोले- 'महाराज ! हम उनसे अत्यधिक परेशान हो गये हैं, कृपया कोई उपाय बताइये।' तब, साधु ने कुछ सोचकर कहा- 'सेठ जी ! को मेरे पास भेज देना।'

'ठीक है, महाराज' कहकर सेठ जी के घरवाले वापस लौट गये। घर जाकर उन्होंने सेठ जी को अलग-अलग उपायों के साथ उन्हें साधु महाराज के पास ले जाना चाहा। किंतु, सेठ जी साधु-महात्माओं पर विश्वास नहीं करते थे। अतः वे साधु के पास नहीं आये। तब एक दिन साधु महाराज स्वयं ही उनके घर पहुंच गये। वे अपने साथ एक गिलास में कोई द्रव्य लेकर गये थे।
साधु को देखकर सेठ जी की त्योरिया चढ़ गयी। परंतु घरवालों के कारण वे चुप रहे।

साधु महाराज सेठ जी से बोले- 'सेठ जी ! मैं हिमालय पर्वत से आपके लिए यह पदार्थ लाया हूं, जरा पीकर देखिये।' पहले तो सेठ जी ने आनाकानी की, परंतु फिर घरवालों के आग्रह पर भी मान गये। उन्होंने द्रव्य का गिलास लेकर मुंह से लगाया और उसमें मौजूद द्रव्य को जीभ से चाटा।

ऐसा करते ही उन्होंने सड़ा-सा मुंह बनाकर गिलास होठों से दूर कर लिया और साधु से बोले- 'यह तो अत्यधिक कड़वा है, क्या है यह ?'

'अरे आपकी जबान जानती है कि कड़वा क्या होता है' साधु महाराज ने कहा। 'यह तो हर कोई जानता है' कहते समय सेठ ने रहस्यमई दृष्टि से साधु की ओर देखा।

'नहीं ऐसा नहीं है, अगर हर कोई जानता होता तो इस कड़वे पदार्थ से कहीं अधिक कड़वे शब्द अपने मुंह से नहीं निकालता। सेठ जी वह एक पल को रुके फिर बोले। सेठ जी याद रखिये जो आदमी कटु वचन बोलता है वह दूसरों को दुख पहुंचाने से पहले, अपनी जबान को गंदा करता है।'

सेठ समझ गये थे कि साधु ने जो कुछ कहा है उन्हें ही लक्षित करके कहा है। वह फौरन साधु के पैरों में गिर पड़े- 'बोले साधु महाराज ! आपने मेरी आंखें खोल दी, अब मैं आगे से कभी कटु वचनों का प्रयोग नहीं करूंगा।'

सेठ के मुंह से ऐसे वाक्य सुनकर उनके घरवाले प्रसन्नता से भर उठे। तभी सेठ जी ने साधु से पूछा- 'किंतु, महाराज ! यह पदार्थ जो आप हिमालय से लाये हो वास्तव में यह क्या है ?' साधु मुस्कुराकर बोले- 'नीम के पत्तों का' 'क्या' सेठ जी के मुंह से निकला और फिर वे धीरे-से मुस्कुरा दिये।

शिक्षा: मित्रों ! कड़वा वचन बोलने से बढ़कर इस संसार में और कड़वा कुछ नहीं। किसी द्रव्य के कड़वे होने से जीभ का स्वाद कुछ ही देर के लिए कड़वा होता है। परंतु कड़वे वचन से तो मन और आत्मा को चोट लगती है..!!

...**व्रिंदा**

Chandrayaan-3



Introduction:- Chandrayaan-3 is the India's third moon mission conducted by ISRO India Launched Chandrayaan-3 at 2:35 P.M on 14 July 2023 from Satish Dhawan space centre in shriharikota, Andhra Pradesh. Chandrayaan-2 was launched by ISRO on 22 nd july 2019 from shriharikota space center. But before this mission could be completed. ISRO Lost contact with the lander Vikram Chandrayaan-2 failed to make a landing and crashed.

But again Chandrayaan-3 was launched from shriharikota space center. Chandrayaan-3 has been made by the scientists of India. About 615 Crore rupees have been spent to make chandrayaan-3 mission a success. The main objective of chandrayaan-3 will be to make a safe and soft landing on the lunar surface and to search for a variety of resources on the lunar surface. So far, only three countries, the U.S.A, Russia and China have successfully landed on the moon. If successful, India will be forth country to soft land on the moon and the first to land on the moon's south pole.

We have the following advantages from Chandrayaan-3

1. International recognition of scientists.
2. Will become the fourth country in the world to reach the moon.
3. Advances in space technology
4. Importance to youth.
5. Resources will be found.

Conclusion:- From Chandrayaan-3 we can get many information related to moon. It can be ascertained here by the scientists whether human life is possible on the moon or not and how beneficial the minerals present on the moon will be for us or not if chandrayaan-3 mission is successful then India will be fourth in the list of countries to have landed on the moon.

...Pooja

थाली मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा बेबी व सिमरन रही प्रथम

आदर्श महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'थाली मेकिंग प्रतियोगिता' आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के दिशा निर्देशन में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष संगीता मनरो के मार्गदर्शन में प्राध्यापिका डॉ. सुनंदा द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वादिष्ट पकवान जैसे थेपला, पुलाव, भरवा बैंगन, सुजी का शीरा, सेव टोमेटो, मसाला भिण्ड़ी, पापड़, सलाद, चटनी, नारियल बर्फी, बासुंदी, घियाकंद आदि व्यजंन बनाऐं। प्राचार्या डॉ अलका मित्तल ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि गृह विज्ञान विषय का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। इसमें छात्राओं के लिए रोजगार के बहुत से अवसर उपलब्ध होते है। छात्राएं बेकरी का स्वरोजगार प्रारम्भ कर स्वावलंबी बन सकती है। यह रोजगार छात्राएं अपने घर से ही प्रारंभ कर सकती है। उन्होने छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों की प्रशंसा भी की। प्रतियोगिता मे निर्णायक मण्ड़ल की भूमिका ममता वधवा और बबीता चौधरी ने निभाई। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार बेबी व सिमरन, द्वितीय पुरस्कार संध्या व चंचल, तृतीय पुरस्कार रुचिका व खुशी, सांत्वना पुरस्कार हिमानी व कशिश बंसल को मिला। जिन्हे महाविद्यालय प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाओं सहित छात्राएं उपस्थित रही।

कॉफी पेंटिंग,कार्ड मेकिंग व मंडाला कला कार्यशाला आयोजित

महाविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग में हॉबी क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय कॉफी पेंटिंग,कार्ड मेकिंग व मंडाला कला कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला का आयोजन कला संकाय विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अलका मित्तल के सानिध्य में प्राध्यापिका रजिता, सीमा व सीनू द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कला मानसिक तनाव को दूर करने का सबसे सरल माध्यम है।

छात्राओं ने किया चिनार टेक्सटाइल मिल का भ्रमण

करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के तहत वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने चिनार टेक्सटाइल मिल का भ्रमण किया। जिसमें वाणिज्य विभाग से लगभग 35 छात्राएं प्राध्यापिका डॉ0 आशिमा यादव व हिमांशी के साथ गई। वहां उन्होंने माकेटिंग के हैड डालमिया से चिनार टैक्सटाईल की उत्पादन तकनीक एवं मार्केटिंग की पूरी जानकारी प्राप्त की वहां पर उन्होंने वेयरहाउसिंग के बारे में बताया। यात्रा का आयोजन करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत नीरू चावला द्वारा प्राचार्या डॉ0 अलका मित्तल के सानिध्य में किया गया।

An inter-class Poster Making Competition on Positivity and Mental Health

